# बिहार सरकार

# समाहरणालय,गया

## जिला प्रोग्राम कार्यालय (ICDS)

वन स्टॉप सेंटर (OSC) योजना अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

### विज्ञापन संख्याः–03/2024

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना से प्राप्त मार्गदर्शिका, 2023 एवं अन्य संगत दिशा निर्देश के आलोक में वन स्टॉप सेंटर,गया के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र | पद का नाम | पद की संख्या | कोटि | मानदेय | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनो–सामाजिक परामर्शी (महिलाओं के लिए आरक्षित) | 01 | अनारक्षित | 22,000.00 | **शैक्षणिक योग्यता**– मनोविज्ञान/तंत्रिका विज्ञान(न्यूरो साइंस) में स्नातक।<br>**अनुभव**–महिला स्वास्थ्य के मुद्देपर सरकारी अथवा गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम3(तीन) वर्ष का अनुभव। |
| 2 | कम्प्यूटर ज्ञान युक्त कार्यालय सहायक | 01 | अनारक्षित | 17,000.00 | **शैक्षणिक योग्यता**–कम्प्यूटर/आई. टी. में डिप्लोमा सहित स्नातक।<br>**अनुभव**–डाटा प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा वेब आधारित रिपोर्टिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इत्यादि का राज्य या जिला स्तर पर सरकारी या गैर–सरकारी/आई0 टी0 संस्थान में कार्य करने का कम से कम 3(तीन) वर्ष का अनुभव। |
| 3 | पारा लीगल पर्सन/अधिवक्ता (अंशकालिक) | 01 | अनारक्षित | 8,000.00 समेकित (EPF तथा ESICदेय नहीं) | **शैक्षणिक योग्यता**–कानून में स्नातक<br>**अनुभव**–महिलाओं से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/<br>कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 03(तीन) वर्ष का अनुभव या न्यायालय में मुकदमें के पैरवी करने का दो वर्ष का अनुभव। |
| 4 | पारा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक, महिला हेतु आरक्षित) | 01 | अनारक्षित | 8,000.00 समेकित (EPF तथा ESIC देय नहीं) | **शैक्षणिक योग्यता**–पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री/डिप्लोमा।<br>**अनुभव**–सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ से संबंधित परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3(तीन) वर्ष का अनुभव। |

शर्तें/अर्हता :–

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमाः– विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को उम्मीदवार की न्यूनतम आयु बेसिक ग्रेड के पदों के लिए 18 वर्ष तथा स्नातक ग्रेड या अधिक के पदों के लिए 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु अनारक्षित वर्ग के पुरूष हेतु 37 वर्ष एवं अनारक्षित वर्ग की महिला हेतु 40 वर्ष होगी।
5. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 25/3/24 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में ऑनलाईन के माध्यम से शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ अपलोड करते हुए लिंक–https://online.bih.nic.in/WCDCREC/Default.aspx पर गया जिले हेतु समर्पित करेंगे। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नही किए जायेंगे।
6. अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से जिला के वेबसाईट https://gaya.nic.in का अवलोकन करते रहेंगे।

जिला पदाधिकारी,
गया।

# समाहरणालय गया

## जिला प्रोग्राम कार्यालय (आई0 सी0 डी0 एस0)

## विज्ञापन संख्या:– 03/2024

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना से प्राप्त मार्गदर्शिका, 2023 एवं अन्य संगत दिशा निर्देश के आलोक में वन स्टॉप सेंटर,गया के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमन्त्रित किए जाते हैं, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र | पद का नाम | पद की संख्या | कोटि | मानदेय | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनो–सामाजिक परामर्शी (महिलाओं के लिए आरक्षित) | 01 | अनारक्षित | 22,000.00 | **शैक्षणिक योग्यता**– मनोविज्ञान/तंत्रिका विज्ञान(न्यूरो साइंस) में स्नातक। **अनुभव**–महिला स्वास्थ्य के मुद्देंपर सरकारी अथवा गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम3(तीन) वर्ष का अनुभव। |
| 2 | कम्प्यूटर ज्ञान युक्त कार्यालय सहायक | 01 | अनारक्षित | 17,000.00 | **शैक्षणिक योग्यता**–कम्प्यूटर/आई. टी. में डिप्लोमा सहित स्नातक। **अनुभव**–डाटा प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा वेब आधारित रिपोर्टिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इत्यादि का राज्य या जिला स्तर पर सरकारी या गैर–सरकारी/आई0 टी0 संस्थान में कार्य करने का कम से कम 3(तीन) वर्ष का अनुभव। |
| 3 | पारा लीगल पर्सन/अधिवक्ता (अंशकालिक) | 01 | अनारक्षित | 8,000.00 समेकित (EPF तथा ESICदेय नहीं) | **शैक्षणिक योग्यता**–कानून में स्नातक **अनुभव**–महिलाओं से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 03(तीन) वर्ष का अनुभव या न्यायालय में मुकदमें के पैरवी करने का दो वर्ष का अनुभव। |
| 4 | पारा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक, महिला हेतु आरक्षित) | 01 | अनारक्षित | 8,000.00 समेकित (EPF तथा ESIC देय नहीं) | **शैक्षणिक योग्यता**–पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री/डिप्लोमा। **अनुभव**–सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ से संबंधित परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3(तीन) वर्ष का अनुभव। |

शर्ते/अर्हता :–

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमा:– विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को उम्मीदवार की न्यूनतम आयु बेसिक ग्रेड के पदों के लिए 18 वर्ष तथा स्नातक ग्रेड या अधिक के पदों के लिए 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु अनारक्षित वर्ग के पुरूष हेतु 37 वर्ष एवं अनारक्षित वर्ग की महिला हेतु 40 वर्ष होगी।
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPFतथा ESICदेय होगी, समेकित मानदेय वाले पदों पर EPFतथा ESICदेय नहीं होगी।
7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस सम्बन्ध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य

नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगें उनका नियोजन वन स्टॉप सेंटरके अधीन होगा।

8. विभिन्न पदों पर नियोजन हेतु उम्मीदवार की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।

9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।

10. सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्य करने का कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों कोप्राथमिकता दी जाएगी।

11. सरकारी/अर्द्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र हीमान्य होगा।

12. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना सम्बंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित ई–मेल आईडी एवं जिला के वेबसाईट https://gaya.nic.in पर दी जाएगी। कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

13. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितिकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

14. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी, गया के अधीन है। जिला पदाधिकारी गया विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।

15. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 25/3/2024 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में ऑनलाईन के माध्यम से शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ अपलोड करते हुए Link- https://online.bih.nic.in/WCDCREC/Default.aspx पर गया जिले हेतु समर्पित करेंगे। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नही किए जायेंगे।

16. एक से अधिक पदो के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।

17. भरे हुए आवेदन का प्रिंटआउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे। कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे।

18. अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से जिला के वेबसाईटhttps://gaya.nic.in का अवलोकन करते रहेंगे।

जिला पदाधिकारी,
गया।